# सिल्क मार्क

## चर्चा में क्यों?

29 अक्तूबर, 2021 को छत्तीसगढ़ के ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने राजधानी रायपुर स्थित अपने शासकीय निवास 'सतनाम सदन' में 'सिल्क मार्क' का विमोचन किया।

## प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने कहा कि अब राज्य में तैयार होने वाले शुद्ध देसी कोसा और रेशम वस्त्रों में सिल्क मार्क प्रमाणीकरण यूनिकोड लगाए जाएंगे। यूनिकोड लग जाने से इस बात की पुष्टि होगी कि तैयार किये गए रेशमी वस्त्र शुद्ध प्राकृतिक रेशमी धागों से ही निर्मित हैं और इन्हें बेहतर प्रतिसाद भी मिलेगा।
- प्रमुख सचिव ग्रामोद्योग डॉ. मनिंदर कौर द्विवेदी ने बताया कि राज्य सरकार की अभिनव पहल शुद्ध देसी रेशमी वस्त्रों को उचित बाज़ार और पहचान दिलाने में सहायक होगी।
- उन्होंने बताया कि इन शुद्ध देसी कोसा वस्त्रों के विक्रय से महिला स्व-सहायता समूह की आय में वृद्धि होगी, साथ-ही-साथ सिल्क मार्क प्रमाणीकरण से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वस्त्रों के विक्रय में सहायता भी मिलेगी।
- शुद्ध देसी कोसा वस्त्रों के उत्पादन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ का नाम देश-विदेश में भी व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार में सहायक होगा। सिल्क मार्क लगे रेशम के वस्त्रों की बिक्री राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में लगे शिल्पग्राम के स्टॉल तथा शबरी एंपोरियम के स्टॉल में की जा रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/silk-mark